PUBLICATION NAME :	Satta Ki Khoj
EDITION :	Patna
DATE :	20/04/24
PAGE :	5

ईडीआईआई ने पीजीडीएम के लिए आमंत्रित किए आवेदन

पटना/का.सं। एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेन्ट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने अपने 2-वर्षीय पीजीडीएम प्रोग्रामोंरू पीजीडीएम इन एंटरप्रेन्योरिशप पीजीडीएम इन इनोवेशन, एंटरप्रेन्योरशिप एण्ड वेंचर डेवलपमेन्ट के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। ये प्रोग्राम उभरते एंटरप्रेन्योर्स और उन लोगों के लिए डिजाइन किए गए हैं जो समाज पर सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न करना चाहते हैं। 2024-2026 बैच के लिए आवेदन की अंतिम दिनांक 27 अप्रैल 2024 है, और इंटरव्यू की शुरूआत 30 अप्रैल 2024 को होगी। उम्मीदवार सीधे वेबसाईट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। संस्थान के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ पंकज भारती ईडीआईआई ने कहा कि ई.डी.आई.आई. का पीजीडीएम-ई, प्रोग्राम अपने 27वें बैच में है, जो उद्यमियों एवं मैनेजमेन्ट के पेशेवरों के लिए डिजाइन किया गया व्यापक दो-वर्षीय, फुल टाईम कोर्स है। इस कोर्स में छह ट्राइमेस्टर्स हैं, जहां छात्रों को एंटरप्रेन्योरशिप से जुड़े विभिन्न पहलुओं में कौशल हासिल करने, क्रिटिकल थिंकिंग एवं हैण्ड्स-ऑन लर्निंग सीखने का मौका मिलता है। इसके स्पेशलाइजेशन्स में शामिल हैं। उद्यम के विकास पर फोकस करने वाला न्यू एंटरप्राइज क्रिएशन पारिवारिक कारोबार के लिए फैमिली बिजनेस मैनेजमेन्ट और स्थायी विकास के लिए इनोवेटिव लीडर्स बनाने वाला सोशल एंटरप्रेन्योरशिप। इस कोर्स में छात्रों को गहन प्रशिक्षण, संरक्षण और मार्गदर्शन दिया जाता है, उनके चुने हुए मार्ग के आधार पर विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट के साथ यह कोर्स पूरा होता है। उन्होंने बताया कि ईडीआईआई का पीजीडीएम इन इनोवेशन, एंटरप्रेन्योरशिप एण्ड वेंचर डेवलपमेन्ट दो-वर्षीय फुल टाईम प्रोग्राम है जिसे एआईसीटीई द्वारा मान्यता प्राप्त है। यह व्यापक कोर्स आधुनिक आइडिया को स्थायी बिजनेस अवसर में बदलने के छात्रों के कौशल को अपग्रेड करता है।